महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

एमबीए प्रवेश परीक्षा 2010-11

समय : 3 घंटे | कुल अंक : 100

सूचना : 1. प्रत्येक प्रश्न के आगे चार विकल्प दिये गये हैं। प्रश्नों का सही विकल्प पहचानकर उत्तर पत्रिका में उसके अनुसार A अथवा B अथवा C अथवा D (केवल एक) ओवल नीला कीजिए।

2. ओवल नीला करने के लिए सिर्फ नीले बॉल प्वाइंट पेन का उपयोग कीजिए।

3. प्रत्येक प्रश्न का एक अंक है। रिणात्मक मार्किंग नहीं है।

---

1. भारतीय दुग्ध व्यवसाय संसार में कौन से स्थान पर है?

(A) द्वितीय (B) तृतीय (C) प्रथम (D) किसी भी स्थान पर नही

2. भारत का राष्ट्रपति कौन है?

(A) डा एपीजे अब्दुल कलाम (B) डा मनमोहन सिंह (C) श्रीमति प्रतिभा पाटिल (D) श्रीमति सोनिया गांधी

3. भारत में हीरो होंडा मोटर्स का अध्यक्ष कौन है?

(A) किम होंडा (B) राहुल बजाज (C) संजीव कपूर (D) ब्रिज मोहन मुंजाल

4. भारत में तेलगू भाषा मुख्यत: कौन से प्रांत में बोली जाती है?

(A) तामिल नाडू (B) आंध्र प्रदेश (C) कर्नाटक (D) केरल

5. महात्मा गांधी का जन्म किस वर्ष में हुआ था?

(A) 1857 (B) 1861 (C) 1869 (D) 1885

6. चेतन भगत ने किस क्षेत्र में प्रसिध्दि प्राप्त की?

(A) सिनेमा (B) लेखन (C) सेना (D) निजी व्यवसाय

7. विम्बलडन किस खेल से संबंधित है?

(A) फुटबाल (B) क्रिकेट (C) टेनिस (D) गोल्फ

8. स्टाक एक्सचेंज क्या है?

(A) टेलीफोन एक्सचेंज (B) मालगोदाम (C) रोज़गार एक्सचेंज (D) शेयर बाज़ार

9. भारत की जन-संख्या लगभग कितनी है?

(A) 120 लाख (B) 200 करोड़ (C) 150 करोड़ (D) 120 करोड़

10. पाकिस्तान की राजधानी कौन सी है?

(A) कराची (B) लाहौर (C) पेशावर (D) इसलामाबाद

11. 'शाहनामा' किसने लिखा था?

(A) साहिर लुधदानवी (B) बहादुर शाह ज़फ़र

(C) मिर्जा ग़ालिब (D) फिरदौसी

12. ब्राज़ील में कौन सी भाषा बोली जाती है?

(A) अंग्रेज़ी (B) स्पेनिश (C) फ्रेंच (D) पुर्तगाली

13. 'इंडिया विन्स फ्रीडम' के लेखक कौन थे?

(A) जवाहर लाल नेहरू (B) मोहम्मद अली जिन्नाह

(C) माउंट बेटन (D) अब्दुल कलाम आज़ाद

14. गोदावरी नदी का उद्‌गम किस प्रांत में है?

(A) गुजरात (B) महाराष्ट्र (C) आंध्र प्रदेश (D) कर्नाटक

15. संसार का सबसे बड़ा महासागर कौन सा है?

(A) हिंद महासागर (B) एटलांटिक महासागर

(C) आर्कटिक महासागर (D) प्रशांत महासागर

16. गुरु गोविंद सिंह का जन्म किस शहर में हुआ था?

(A) अमृतसर (B) लाहौर (C) आनंदपुर साहिब (D) पटना

17. डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती प्रति वर्ष किस तारीख़ को मनाई जाती है?

(A) 6 दिसम्बर (B) 14 अप्रैल (C) 14 नवम्बर (D) 9 अगस्त

18. पहली कम्युनिस्ट क्रांति किस देश में हुई?

(A) चीन (B) जर्मनी (C) पोलैंड (D) रूस

19. मौलाना आज़ाद उर्दू विश्वविद्यालय का मुख्यालय कहां पर है?

(A) दिल्ली (B) लखनऊ (C) भोपाल (D) हैदराबाद

20. जन संख्या सिध्दांत के साथ किस का नाम जुड़ा हुआ है?

(A) माल्थस (B) रिकार्डो (C) मार्क्स (D) हेगल

21. हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?

(A) देवनागरी (B) संस्कृत (C) रोमन (D) अपभ्रंश

22. संसार का सबसे पहला अंतरिक्ष यान किस देश ने प्रक्षेपित किया था?

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका (B) रूस

(C) चीन (D) जापान

23. निम्नलिखित में से कौन सी कम्पनी सूचना प्रादयोगिकी की कम्पनी नहीं है?

(A) इन्फोसिस
(B) हिंदोस्तान यूनीलिवर
(C) विप्रो
(D) टाटा कन्सलटेंसी

24. दस रुपये के नोट पर किस के हस्ताक्षर होते है?

(A) राष्ट्रपति
(B) प्रधान मंत्री
(C) रिज़र्व बैंक के गवर्नर
(D) भारत के वित्त मंत्री

25. भूमध्य सागर को अरब सागर से जोड़ने वाली नहर का नाम क्या है?

(A) पनामा नहर
(B) सूएज़ नहर
(C) कील नहर
(D) इन में से कोई भी नहीं

26. हवा में सबसे अधिक अंश कौन सी गैस का है?

(A) कार्बन डाइ आक्साइड
(B) नाइट्रोजन
(C) आक्सीजन
(D) आर्गन

27. यदि वर्धा में इस समय दिन के 12:00 बजे हैं तो लंदन में इस समय कितने बजे होंगे?

(A) शाम के 5:30 बजे
(B) शाम के 7:00 बजे
(C) सुबह के 6:30 बजे
(क) रात के 12:00 बजे

28. "गायनाकोलोजी" शब्द का अभिप्राय किस के रोगों से है?

(A) स्त्री
(B) पुरुष
(C) बच्चे
(D) गाय

29. एवरेस्ट की पहाड़ी चोटी कहां है?

(A) भारत
(B) नेपाल
(C) चीन
(D) तिब्बत

30. समुद्र के जल में लगभग कितने प्रतिशत लवण है?

(A) 4%
(B) 1%
(C) 10%
(D) 20%

31. "एम एस वर्ड" में नया पृष्ठ आरंभ करने के लिए कौन सी "की" दबानी चाहिए?

(A) डिलीट
(B) एंटर
(C) शिफ्ट
(D) कंट्रोलएन

32. एक त्रिकोण के कोणों का योग कितना होता है?

(A) 360°
(B) 90°
(C) 270°
(D) 180°

33. पेंटागन में कितनी भुजाएं होती है?

(A) तीन
(B) छः
(C) आठ
(D) पांच

34. पानी किन तत्वों से बना है?

(A) आक्सीजन और नाइट्रोजन
(B) हाइड्रोजन और आक्सीजन
(C) कार्बन और आक्सीजन
(D) हाइड्रोजन और कार्बन

35. भारत में किसके कर्मचारियों की संख्या सबसे अधिक है?

(A) इनफोसिस
(B) विप्रो
(C) भारतीय रेल्वे
(D) भारतीय एयर फोर्स

36. बिजली के बल्ब में रोशनी देने वाला फिलामेंट किस धातु का बना होता है?

(A) लोहा
(B) तांबा
(C) जस्ता
(D) टंगस्टन

37. वर्ष में किस तारीख को दिन सबसे लम्बा होता है?

(A) 21 जून (B) 15 अगस्त (C) 25 दिसम्बर (D) 23 मार्च

38. सूर्य की सतह का तापक्रम लगभग कितना है?

(A) 500 C (B) 10,000 C (C) 1000 C (D) 6000 C

39. प्रकाश की गति लगभग कितनी है?

(A) 10,000 किलोमीटर प्रति घंटा (ठ) 100,000 किलोमीटर प्रति मिनट

(C) 8,000 किलोमीटर प्रति सेकेंड (D) 300,000 किलोमीटर प्रति सेकेंड

40. एक किलोमीटर में कितने मिलीमीटर होते हैं?

(A) 1000 (B) 10,000 (C) 100,000 (D) 10,00,000

41. एक क्विंटल में कितने ग्राम होते हैं?

(A) एक लाख (B) दस लाख (C) दस हज़ार (D) बीस हज़ार

42. एक हेक्टेयर में कितने वर्ग मीटर होते है?

(A) 15,000 (B) 100,000 (C) 10,000 (D) 1000

43. 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस' किस नगर में है?

(A) दिल्ली (B) बेंगलुरु (C) कोलकत्ता (D) चैनई

44. भारत में रेल्वे लाइनों की कुल लम्बाई लगभग कितने किलोमीटर है?

(A) 10,000 (B) 100,000 (C) 20,000 (D) 60,000

45. मोबाइल फोन टावर कौन सी तरंगें प्रसारित करते हैं?

(A) ध्वनि (B) रेडियो (C) माइक्रोवेव (D) इनफरा रेड

46. डा ए पी जे अब्दुल कलाम ने किस विषय में अपनी डिग्री प्राप्त की थी?

(A) मेडिकल (B) इंजिनियरिंग (C) साहित्य (D) कला

47. इनमें से नोबेल पुरस्कार विजेता कौन नहीं है?

(A) एस चंद्रशेखर (B) रवींद्र नाथ टेगोर (C) सी वी रमन (D) महात्मा गांधी

48. इन में से कठोरतम पदार्थ कौन सा है?

(A) हीरा (B) लोहा (C) शीशा (D) कांक्रीट

49. इन में से सबसे अधिक मेमोरी क्षमता किस उपकरण की है?

(A) हार्ड ड्राइव (B) फ्लॉपी (C) सीडी (D) डीवीडी

50. भारत में खगोल शास्त्र की वेधशाला इन में से किस नगर में है?

(A) शिमला (B) दार्जीलिंग (C) माउंट आबू (D) कोडईकेनल

51. यदि 4.8 X क X 4 = 9.6 तो 'क' का मूल्य कितना होगा ?

(A) 0.5 (B) 0.4 (C) 5 (D) 4

52. 9068 को पूर्ण वर्ग बनाने के लिए उसमें से निम्नलिखित में से कौन सी संख्या घटानी पड़ेगी?

(A) 3 (B) 1 (C) 5 (D) 43

53. एक होटल में प्रति सप्ताह 42 किलोग्राम चावल की आवश्यकता पड़ती है। दिसम्बर के पूरे महीने में उसे कितने किलोग्राम चावल की आवश्यकता पड़ेगी?

360 किलोग्राम (B) 355 किलोग्राम (C) 350 किलोग्राम (D) इनमें से कोई नहीं

54. 1000 रुपये की राशि 12% के चक्रवर्ती ब्याज की दर से निकटतम कितने वर्ष में 2000 रुपये हो जाएगी?

(A) 10 वर्ष (B) 2 वर्ष (C) 8 वर्ष (D) 6 वर्ष

55. सूर्य की परिक्रमा करते हुए पृथ्वी का निकटतम वेग लगभग कितना रहता है?

(A) 30 किलोमीटर प्रति सेकंड (B) 10,000 किलोमीटर प्रति घंटा

(C) 1000 किलोमीटर प्रति सेकंड (D) 500 किलोमीटर प्रति मिनट

56. यदि एक मेज़ की कीमत 200 रुपये है तथा एक कुर्सी की कीमत 120 रुपये तो दोनों की कीमत में क्या अनुपात है?

(A) 2:12 (B) 6:3 (C) 5:3 (D) 12:2

57. 60 सेंटीमीटर का 3 मीटर से क्या अनुपात है?

(A) 6:3 (B) 1:5 (C) 3:6 (D) 6:30

58. एक त्रिकोण की भुजाओं की लम्बाई का अनुपात 3:4:5 है। इस त्रिकोण का सबसे छोटा कोण कितना होगा?

(A) 15° (B) 30° (C) 45° (D) 60°

59. इन में से सबसे अधिक घनत्व वाला पदार्थ कौन सा है?

(A) पलेटिनम (B) लोहा (C) पेट्रोल (D) कोयला

60. एक वर्ग के चारों कोणों का योग कितना होता है?

(A) 270° (B) 400° (C) 360° (D) 180°

61. 40 लीटर दूध में 10% पानी है। इसमें कितना पानी और मिलाया जाए कि पानी का प्रतिशत 20% हो जाए?

(A) 6.5 लीटर (B) 4लीटर (C) 5 लीटर (D) 7.5 लीटर

62. एक कर्मचारी के वेतन में से 10% घर का किराया काटा जाता है। शेष राशि में से 15% बच्चों की पढ़ाई का शुल्क कट जाता है। उसमें से जो बचता है उससे 10% कपड़े पर खर्च हो जाता है। इन सबके बाद उसके पास 13770 रुपये रह जाते हैं। उसका वेतन कितना है?

(A) 21000 रु (B) 20400 रु (C) 20000 रु (D) 22000 रु

63. एक समारोह में हर व्यक्ति प्रत्येक व्यक्ति से हाथ मिलाता है। इस प्रकार कुल 105 हाथ मिलन हुए। उस समारोह में कुल कितने व्यक्ति थे?

(A) 12 (B) 15 (C) 10 (D) 13

64. अनिल ने प्रशांत से 15000 रुपये 8% के सरल वार्षिक ब्याज पर 4 वर्ष के लिए उधार लिए। उसने इसमें से कुछ राशि अपने पास रखी तथा शेष राशि रमेश को 15% के सरल वार्षिक ब्याज पर 4 वर्ष के लिए उधार दे दी। इस प्रक्रिया में अनिल ने 150 रुपये कमाए। अनिल ने कितने रुपये अपने पास रखे थे?

(A) 6750 रु (B) 7500 रु (C) 6000 रु (D) 6250 रु

65. यदि एक काम को दस आदमी चार दिन में करते हैं तो पांच आदमी कितने दिनों में करेंगे?

(A) 5 दिन (B) 10 दिन (C) 8 दिन (D) 7 दिन

66. आम चुनाव में विजय को 11628 वोट मिले तथा हरी को 8772, कोई भी वोट निरस्त नहीं हुआ था। विजय को कुल वोटों का कितने प्रतिशत वोट प्राप्त हुए?

(A) 55% (B) 52% (C) 59% (D) 57%

67. तीन पैसे प्रति रुपया प्रति माह की दर से दस रुपये पर चार महीने का सरल ब्याज कितना होगा?

(A) 3.60 रु (B) 2.40 रु (C) 1.60 रु (D) 1.20 रु

68. किसी अंक का तथा उसके धनात्मक वर्गमूल का योग 90 है तो वह अंक कितना होगा?

(A) 70 (B) 40 (C) 81 (D) 101

69. बहुत सारे व्यक्तियों ने मिल कर यह तय किया कि हर व्यक्ति उतना ही चंदा देगा जितना कि कुल व्यक्तियों की संख्या है। कुल 2582449 रुपये चंदा एकत्रित हुआ। व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है?

(A) 1291270 (B) 1607 (C) 92407 (D) 1807

70. दो अंकों का योग 45 है। उनके वर्गो का अंतर 675 है। वे अंक कौन-कौन से होंगे?

(A) 20 और 25 (B) 15 और 30 (C) 10 और 35 (D) 12 और 33

71. 21 पेंसिलों एवं 29 पेनों का मूल्य 79 रुपये है। अगर पेंसिलों एवं पेनों की संख्या में आपस में परिवर्तन कर दिया जाए तो उनका मूल्य 71 रुपये रह जाता हैं तो प्रत्येक पेन का मूल्य कितना है?

(A) एक रुपया (B) दो रुपये (C) तीन रुपये (D) चार रुपये

72. एक 100 मीटर लम्बी रेलगाड़ी एक बिजली के खम्बे के पास से 10 सेकंड में गुज़र जाती हैं। तो यह रेलगाड़ी 200 मीटर लम्बे पुल को निकटतम कितने समय में पूरा पार कर जाएगी।

(A) 30 सेकंड (B) 12 सेकंड (C) 10 सेकंड (D) 5 सेकंड

73. इन में से कौन सी वस्तु सबसे महंगी है?

(A) लोहा (B) चांदी (C) तांबा (D) प्लेटिनम

74. धान : चावल : दूध : ?

(A) गेहूं (B) क्रीम (C) पानी (D) दाल

75. एक नाविक अपनी नाव को नदी की धारा के विरुध्द पांच घंटे में 13 किलोमीटर खेता है। वही नाविक पांच घंटे में अपनी नाव को नदी की धारा के साथ 28 किलोमीटर खेता है। नदी की धारा की गति प्रति घंटा कितने किलोमीटर है?

(A) 1.5 (B) 2 (C) 1 (D) 2.5

76. इनमें से कौन सा देश गन्ना उत्पादक देश नहीं है?

(A) भारत (B) ब्राज़ील (C) क्यूबा (D) मंगोलियां

77. ऐशवर्या राय किस वर्ष विश्व सुंदरी चुनी गई थी?

(A) 2004 (B) 1994 (C) 2001 (D) 1996

78. सबसे ज़्यादा जूट भारत के किस राज्य में पैदा होता है?

(A) सिक्किम (B) गुजरात (C) महाराष्ट्र (D) पश्चिमी बंगाल

79. इन रोगों में से मूक हत्यारा कौन सा रोग है?

(A) मलेरिया (B) टी बी (C) कोढ़ (D) अधिक रक्त-चाप

80. आगा खां का महल (जहां गांधी जी नज़र बंद रखे गए थे) किस नगर में है?

(A) मुम्बई (B) अहमदाबाद (C) पुणे (D) अहमदनगर

81. "अमुल" ब्रांड के लिए कौन सा नगर विख्यात है?

(A) आगरा (B) दिल्ली (C) मुम्बई (D) आनंद

82. संसार में "मोबाइल" बनाने वाली सबसे बड़ी कम्पनी कौन सी है?

(A) सेमसंग (B) विडयोकोन (C) मोटोरोला (D) नोकिया

83. भारत में किस राज्य में बाल मृत्यु दर सबसे कम है?

(A) पंजाब (B) गुजरात (C) महाराष्ट्र (D) केरल

84. भारत में सबसे ज़्यादा बिजली ऊर्जा के किस साधन से बनाई जाती है?

(A) बायोगेस (B) कोयला (C) सौर ऊजा (D) पवन चक्की

85. "कलिंग पुरस्कार" किस राज्य से संबंधित है?

(A) महाराष्ट्र (B) आंध्र प्रदेश (C) गुजरात (D) उड़ीसा

86. इन में से किस को पेरने से सबसे अधिक तेल का प्रतिशत निकलता है?

(A) सरसों (B) राई (C) तिल (D) मूंगफली

87. राष्ट्रीय भौतिकी प्रयोगशाला किस नगर में है?

(A) मुम्बई (B) चैन्नई (C) कोलकता (D) दिल्ली

88. अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच का निर्धारित समय कितने मिनट का होता है?

(A) 70 मिनट (B) 100 मिनट (C) 60 मिनट (D) 90 मिनट

89. इन में सबसे बड़ी मस्जिद कौन सी है?

(A) लाल मस्जिद, दिल्ली (B) मक्का मस्जिद, हैदराबाद

(C) मोती मस्जिद, भोपाल (D) जामा मस्जिद, दिल्ली

90. मीनाक्षी मंदिर कहां स्थित है?

(A) चैनई (B) मैसूर (C) मदुरई (D) कन्या कुमारी

91. सुनील गावस्कर ने अपना दस हजारवां रन पाकिस्तान के खिलाफ किस शहर में बनाया था?

(A) मुम्बई (B) मोहाली (C) अहमदाबाद (D) दिल्ली

92. ऐसी कौन सी फसल है जिसकी गिनती दलहन और तिलहन दोनों में होती है?

(A) मूंगफली (B) सोयाबीन (C) मूंग (D) चावल

93. भारत की बैट्री से चलनेवाली सबसे पहली कार कौन सी है?

(A) मारुती (B) नानो (C) रेवा (D) बी एम डब्ल्यू

94. भारत में सबसे ज़्यादा बिकने वाली कार किस कम्पनी की है?

(A) टाटा (B) हुंडई (C) फिएट (D) सुज़ुकी

95. भारत के इन में से किस राज्य की लोक सभा में सबसे अधिक सीटें हैं?

(A) राजस्थान (B) उड़ीसा (C) मध्य प्रदेश (D) उत्तर प्रदेश

96. संसार के किस देश में ज़ेवरों के लिए सोने की खपत सबसे अधिक है?

(A) रूस (B) भारत (C) ब्राज़ील (D) मेक्सिको

97. "विमल" किस वस्तु का ब्रांड नाम है?

(A) कपड़ा (B) दूध (C) तम्बाकू (D) ज़ेवर

98. संसार में सबसे अधिक बिकने वाला अंग्रेज़ी का समाचार पत्र कौन सा है?

(A) न्यूयार्क टाइम्स (B) टाइम्स ऑफ इंडिया (C) वाशिंगटन पोस्ट (D) टाइम्स

99. इन्सान के शरीर के एक कोष्ठ (सेल) में कितने क्रोमोसोम होते है?

(A) 100 (B) 20 (C) 60 (D) 46

100. हिंदी वर्णमाला में कितने अक्षर हैं?

(A) 26 (B) 40 (C) 52 (D) 36

****